पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

बाल दिवस पर इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला में होगा विशेष विज्ञान एवं खगोल विज्ञान कार्यक्रमों का आयोजन

निःशुल्क आधार शिविर, सूर्यदर्शन, खगोलीय प्रश्नोत्तरी और पेंटिंग प्रतियोगिता होंगी प्रमुख आकर्षण

लखनऊ : 13 नवम्बर 2026

बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ में सुबह 10 बजे से विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए विशेष शैक्षिक एवं वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

बच्चों में विज्ञान एवं खगोल विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ उन्हें आवश्यक नागरिक सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से निःशुल्क आधार शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर में विद्यार्थियों को आधार से संबंधित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्यदर्शन, खगोलीय प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न विज्ञान आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन सभी गतिविधियों में प्रतिभाग करना निःशुल्क रहेगा। इनके माध्यम से बच्चों को सौरमंडल, अंतरिक्ष विज्ञान और खगोलीय घटनाओं की जानकारी रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से दी जाएगी। साथ ही उन्हें अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा।

इन्दिरा गांधी नक्षत्रशाला और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत संचालित एक प्रमुख विज्ञान संचार एवं खगोल विज्ञान जागरूकता केंद्र है। नक्षत्रशाला द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और विज्ञान को जनसामान्य तक पहुंचाना है।

सम्पर्क सूत्र– अभिषेक सक्सेना

राम यतन/06:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in